प्रतियोगिता | अंतरशालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# आरएस बेलासिंह व सनातन स्कूल बनी चैम्पियन



**नवभारत, जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य पीके पालीवाल सांदीपनि विद्यालय अधारताल के संयोजन में अण्डर 14 ,17 ,19 वर्ष बालक वर्ग की अंतरशालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में शहर की श्री गुरुनानक स्कूल प्रेमनगर, सनातन धर्म स्कूल हाथीतल, सेंट्रल एकेडमी विजयनगर, सांदीपनी विद्यालय अधारताल, स्प्रिंग डे स्कूल , पुष्पांजलि स्कूल, एमएम इंटरनेशनल, सरस्वती शिक्षा स्कूल, महाराष्ट्र हाईस्कूल, अजय सत्य प्रकाश के लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य पीके पालीवाल, डीओ ऑफिस ऑब्जर्वर मीनल चैतन्य, चंदा सोनी, हरमिंदर सिंह ढिल्लो, गिरीशकांत मिश्रा, जगपाल सिंह ढिल्लों, रणजीत कौर, सौरभ यादव, प्रभात शुक्ला द्वारा किया गया।

### अभिनव ने किया शानदार प्रदर्शन

14 वर्ष बालक का प्रथम मैच आरएस बेला सिंह एवं स्प्रिंग डे-1 के मध्य हुआ, जिसमें आरएस बेला सिंह ने 10-00 से जीत हासिल की। इस मैच में अभिनव, आर्यन ने शानदार प्रदर्शन किया। द्वितीय मैच स्प्रिंग डे-2 एवं अजय सत्य प्रकाश के मध्य खेला गया, जिसमें अजय सत्य प्रकाश ने 6-5 से जीत हासिल की। तृतीय मैच मिक्स 13 एवं आरएस बेला सिंग के मध्य हुआ, जिसमें मिक्स1 3 ने 10-00 से जीत हासिल की। इस मैच में वैभव, आदर्श ,शुभम, रितेश आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।

### सांदीपनी विद्यालय विजयी

17 वर्ष बालक में प्रथम मैच स्प्रिंग डे-1 एवं सनातन स्कूल के मध्य हुआ, जिसमें सनातन बॉयज ने 12-02 से जीत हासिल की। इसमें अंकित, टिंकू ,पीयूष , राहुल, विपिन , प्रियांशु आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। द्वितीय मैच स्प्रिंग डे-2 एवं सांदीपनी विद्यालय अधारताल के मध्य हुआ, जिसमें सांदीपनी विद्यालय ने 08-00 से जीत हासिल की। तृतीय मैच अजय सत्य प्रकाश एवं एलोयसियस स्कूल के मध्य खेला गया, जिसमें अजय सत्य प्रकाश ने 04-03 से जीत हासिल की।

### स्प्रिंग डे स्कूल 9-1 से जीती

19 वर्ष बालक में प्रथम मैच एमएम इंटरनेशनल एवं स्प्रिंग डे-1 के मध्य खेला गया, जिसमें स्प्रिंग डे-1 ने 9-1 से जीत हासिल की। द्वितीय मैच सांदीपनी विद्यालय अधारताल एवं स्प्रिंग डे-2 के मध्य खेला गया, जिसमें संदीपनी विद्यालय ने 3-1 से जीत हासिल की। तृतीय मैच संदीपनी विद्यालय अधारताल एवं स्प्रिंग डे-01 के मध्य हुआ, जिसमें सांदीपनी विद्यालय ने 07-05 से शानदार जीत हासिल की।

### अण्डर 19 में सांदीपनी विद्यालय विजेता

14 वर्ष बालक में आरएस बेला सिंह स्कूल विजेता रही तथा अजय सत्य प्रकाश स्कूल उपविजेता रही। 17 वर्ष बालक वर्ग में सनातन स्कूल विजेता रही तथा संदीपनी विद्यालय अधारताल उपविजेता रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में सांदीपनी विद्यालय अधारताल विजेता बनी तथा स्प्रिंग डे महराजपुर ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। मैच का संचालन पलक चंसौरिया, महक जायसवाल, तनवी सतनामी, तनुजा सेन, अंशिका जंघेला, प्राची तिवारी, अनिकेत पासी द्वारा किया गया।

# नेशनल हाईवे 30 पर किया चक्काजाम

▶ प्राचार्य की प्रताड़ना से क्षुब्ध छात्रों का फूटा गुस्सा, कालपी के महर्षि सांदीपनी विद्यालय के छात्रों का हंगामा



**नवभारत, नारायणगंज।** महर्षि सांदीपनी विद्यालय कालपी के छात्रों का आक्रोश शुक्रवार को सड़क पर फूट पड़ा। प्राचार्य की मनमानी और प्रताडऩा से नाराज दर्जनों छात्रों ने नेशनल हाईवे 30 पर चक्काजाम कर दिया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। छात्रों का सीधा आरोप है कि विद्यालय की प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव द्वारा उन्हें लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।

आक्रोशित छात्रों ने बताया कि विद्यालय में किसी अन्य की गलती की सजा भी अक्सर उन्हें ही भुगतनी पड़ती है। छात्रों का आरोप है कि उन्हें दिन भर पढ़ाई से वंचित कर घुटना टेकने को मजबूर किया जाता है। शुक्रवार को भी प्राचार्य संगीता श्रीवास्तव ने कथित तौर पर उन पर बेबुनियाद इल्जाम लगाते हुए डंडे से मारपीट की और करीब 2 घंटे तक घुटने टिकवाए। इसके बाद भी जब प्राचार्य का गुस्सा शांत नहीं हुआ, तो करीब 30-40 बच्चों को स्कूल से भगा दिया गया और टीसी काटकर घर भेजने की धमकी दी गई। इसी तानाशाही से त्रस्त होकर छात्रों ने हाईवे जाम करने का कड़ा कदम उठाया। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि प्राचार्य को जल्द से जल्द नहीं हटाया गया, तो वे एक बड़ा उग्र आंदोलन करेंगे।

**इनकी रही मौजूदगी-** प्रदर्शन कर रहे बच्चों को समझाइश देने और स्थिति को नियंत्रण में करने के दौरान प्रशासनिक और राजनीतिक जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे। जिसमें नायब तहसीलदार आलोक सोनी, थाना बीजाडांडी का पुलिस स्टाफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष डूमारी लाल कुम्हरे, मंडल महामंत्री अजीत श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी राहुल सिसोदिया और पूर्व जिला मंत्री संदीप नामदेव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सांसद के फोन और आश्वासन पर शांत हुए विद्यार्थी

हाईवे पर जाम लगने की सूचना स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्काल क्षेत्रीय सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सांसद कुलस्ते ने फोन के माध्यम से प्रदर्शनकारी छात्रों से बात की। उन्होंने छात्रों को समझाइश देते हुए उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने और प्राचार्य को जल्द हटाने का ठोस आश्वासन दिया। मंडला सांसद के इस आश्वासन के बाद आक्रोशित छात्र मान गए और उन्होंने जाम समाप्त कर दिया।

## एक नजर में

### बिना लाइसेंस धान बीज बेचने वाले पर एफआईआर

**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी क्षेत्र में बिना लाइसेंस धान बीज का भंडारण और बिक्री करने वाले एक कृषि केंद्र संचालक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर कृषि विभाग ने ग्राम मुहास स्थित पाण्डेय कृषि केंद्र का निरीक्षण किया, जहां बिना वैध लाइसेंस के धान बीज का विक्रय किया जा रहा था। जांच के दौरान विभाग ने करीब 7 क्विंटल धान बीज जब्त किए। बीज निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर संचालक प्रभात पाण्डेय के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 और 7 के तहत रीठी थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला प्रशासन ने सभी बीज विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि बिना लाइसेंस बीजों का भंडारण या बिक्री करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसानों से अपील की गई है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही बीज खरीदें और खरीद की पक्की रसीद अवश्य लें। प्रशासन ने साफ किया है कि बीज, खाद और कीटनाशकों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और जिलेभर में निरीक्षण अभियान लगातार जारी रहेगा। किसानों से कहा गया है कि लायसेंसी अधिकृत दुकान संचालकों से खाद और बीच खरीदा जाए।

### पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के उमरियापान थाना क्षेत्र के मडेरा कॉलोनी में गुरुवार शाम करीब 4 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, देवरी पाठक पंचायत के ग्राम तिघरा निवासी 35 वर्षीय संतोष झारिया (पिता रामदास झारिया) बाइक से एक महिला के साथ उमरियापान से ढीमरखेड़ा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मडेरा कॉलोनी के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि संतोष झारिया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उमरियापान थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान से एंबुलेंस बुलवाकर घायल महिला एवं मृतक को अस्पताल भिजवाया।

# बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार



**भुआबिछिया/अंजनिया।** जिले के थाना बम्हनी के अंतर्गत चौकी अंजनिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 नाबालिगों और एक बालिग आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं।

जानकारी अनुसार यह गिरोह मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद उनकी नंबर प्लेट निकाल देता था। पहचान छिपाने के लिए आरोपी गाडियों पर काले और सिल्वर रंग का स्प्रे पेंट कर देते थे। बताया गया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक लड़के ने काले रंग से पुती हुई एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल सुधरने के लिए दी है। पुलिस ने जब गाड़ी के इंजन और चेचिस नंबर का मिलान किया, तो वह हर्राहीटोला निवासी कमलेश पटेल की चोरी गई स्पलेंडर एमपी 51 एमए 9766 निकली। इसके बाद पुलिस ने उस नाबालिग से पूछताछ की, जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अलग-अलग स्थानों से गाडियां चोरी करना कबूल किया।

**सभी आरोपी गिरफ्तार :** पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में नीरज उर्फ सचिन पटैल 18 वर्ष, निवासी नरैनी और 5 विधि विरुद्ध बालक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया।

# मवई-कुडेला मार्ग निर्माण में दोहरा मापदंड

▶ कहीं अनुमति का अड़ंगा, तो कहीं वन भूमि पर धड़ल्ले से चल रहीं मशीनें



**बिछिया/मवई।** जिले के अंतिम छोर में बसे वनांचल विकासखंड मवई की लगभग 34 किलोमीटर लंबी मवई-कुडेला मार्ग परियोजना गंभीर विवादों में घिर गई है। आरोप है कि इस परियोजना में दोहरे मापदंड अपनाए जा रहे हैं। एक ओर वन भूमि पर वैधानिक अनुमति न होने का हवाला देकर काम रोक दिया गया है, वहीं दूसरी ओर मवई वन परिक्षेत्र के कई वन क्षेत्रों में बेखौफ होकर सड़क खुदाई, चौड़ीकरण, सीसी रोड और पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है।

बताया गया कि इस मामले में ग्राम पंचायत मवई के सदस्य और पूर्व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी कांत पाठक ने कलेक्टर, डीएफओ पूर्व सामान्य और लोक निर्माण विभाग को विस्तृत शिकायत पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि वन ग्राम सैदा और मझगांव बीट में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के पूर्व निर्मित सड़क को मशीनों से उखाड़कर पक्की सड़क और नई पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया गया। बरसात में काम अधूरा रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं मझगांव स्थित पुलिया से बाहरमुंडा चौराहे तक लगभग 800 मीटर का क्षेत्र पूर्णत: वन भूमि है। इसके बावजूद मुनारे के नजदीक ठेकेदार द्वारा सीसी सड़क बना दी गई। इसके साथ ही वन सीमा से महज 150 मीटर से भी कम दूरी पर ठेकेदार ने कांक्रीट मिक्सर प्लांट लगा दिया, जबकि नियमानुसार वन सीमा के 250 मीटर के भीतर पक्के निर्माण के लिए अनुमति आवश्यक है।

### वन अमले की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

शिकायत में सवाल उठाया गया है कि मवई-पखवार मार्ग पर भी एक किलोमीटर वन क्षेत्र में मशीनों से खुदाई कर काम शुरू कर दिया गया। यदि परियोजना के कई हिस्सों में अनुमति न होने से काम बंद है, तो इन बीटों में किस अनुमति से काम चल रहा है, मुख्य मार्ग पर एक वर्ष से चल रहे इन निर्माण कार्यों की जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी और अमले को न होना असंभव है। मवई वृत्त और सैदा दोनों क्षेत्रों का प्रभार एक ही सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी के पास होना उनकी भूमिका को संदिग्ध बनाता है।

# आदिवासी दंपत्ति के नाम खरीदी करोड़ों की जमीन



**नवभारत, कटनी।** जिले में भू-माफियाओं की ओर से आदिवासी दंपती के नाम पर करीब 200 एकड़ जमीन खरीदने और फिर बेचने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। दंपती ने जमीन बेचने से इनकार किया तो उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। दहशत में आए पीड़ित परिवार ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की गुहार लगाते हुए न्याय की मांग की है। थाना कुठला की बिलहरी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले करहिया गांव खुर्द निवासी गुलाब गोंड और उनकी पत्नी मुलिया बाई गोंड ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए शिकायत पत्र में कटनी के गोल बाजार निवासी राजकिशोर अग्रवाल और नितिन अग्रवाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुलाब गोंड की शिकायत में लगाए गए आरोपों के अनुसार 22 जुलाई 2026 को आरोपी उनके घर आए और लाडली बहना योजना का पैसा बंद होने का झांसा देकर उन्हें कटनी ले गए। वहां उन्होंने दंपती का पैन कार्ड बनवाया और मुलिया बाई के मोबाइल से सिम निकालकर अपने पास रख ली। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने आदिवासी के नाम पर जमीन खरीदने के नियमों का दुरुपयोग करते हुए बड़े पैमाने पर बेनामी संपत्ति खड़ी की है। इसमें ग्राम मड़ई में गुलाब गोंड के नाम पर 55 एकड़, ग्राम पठरा में पत्नी मुलिया बाई गोंड के नाम पर 18 एकड़, डिंडौरी शहरी क्षेत्र रामपुर में 13 एकड़ और डिंडौरी ग्रामीण क्षेत्र कटुआ में 65 एकड़ जमीन खरीदी गई। इसके अलावा लगभग 100 एकड़ अन्य जमीन भी दंपती के नाम कराई गई। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि उनकी कुछ जमीनों को धोखाधड़ी कर अन्य लोगों के नाम पर बेच भी दिया गया है। शिकायतकर्ता पीड़ित दंपती ने आरोप लगाया है कि अब आरोपी उनके नाम दर्ज बाकी बची जमीनों को भी बेचना चाहते हैं। जब पीड़ितों ने इस फर्जीवाड़े में आगे शामिल होने से मना किया, तो उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने बताया कि आरोपी आए दिन उन्हें घर से उठा लेने की धमकी देते हैं, जिससे उनका, उनकी पत्नी और बच्चों का जीना मुहाल हो गया है। परिवार को किसी अनहोनी या जानमाल के नुकसान का भारी डर सता रहा है। एसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित परिवार ने लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए मांग की है कि आरोपी राजकिशोर अग्रवाल और नितिन अग्रवाल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। फर्जी तरीके से की गई जमीनों की खरीद-फरोख्त की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

### धक्का प्लेट पुलिस वाहन, कैसे मिलेगा क्विक रिस्पांस

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** आपात स्थिति में पीड़ितों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के लिए शुरू की गई डायल 112 सेवा खुद प्रशासनिक अनदेखी और बदहाली का शिकार हो रही है ।ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में तैनात डायल 112 वाहन की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है, जिससे आपातकालीन सेवाओं पर सीधा असर पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों और पुलिस सूत्रों के अनुसार वाहन का रख-रखाव करने की जिम्मेदारी जिस ठेकेदार कंपनी की है, वह पूरी तरह से बेपरवाह बना हुआ है। गाड़ी की बैटरी लंबे समय से खराब पड़ी है, जिसे बदला नहीं जा रहा है। नतीजा यह है कि किसी आपातकालीन इवेंट की सूचना मिलने पर जब पुलिसकर्मी मौके के लिए रवाना होते हैं, तो गाड़ी रास्ते में ही धोखा दे जाती है। बड़ा थाना क्षेत्र, बढ़ते इवेंट और बढ़ती मुसीबत ढीमरखेड़ा का भौगोलिक दायरा काफी बड़ा और ग्रामीण इलाकों से भरा हुआ है।

# खटोला गांव में ग्रामीण के घर घुसा तेंदुआ

▶ घायल तेंदुए को ट्रेंकुलाइज कर भेजा गया अस्पताल



**भुआबिछिया।** कान्हा टाइगर रिजर्व के बफर जोन अंतर्गत आने वाले सिझोरा परिक्षेत्र के ग्राम खटोला में उस समय हड़कंप मच गया, जब सुबह-सुबह एक तेंदुआ एक ग्रामीण के घर में जा घुसा। वन विभाग की टीम ने त्वरित और सुरक्षित कार्रवाई करते हुए तेंदुए का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया है।

सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे के नेतृत्व में वन अमला मौके पर पहुंचा। हालात का जायजा लेने के बाद क्षेत्र संचालक रविन्द्र मणि त्रिपाठी, उपसंचालक (बफर) अमिता के.बी. और सहायक संचालक आशीष कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संदीप अग्रवाल ने तेंदुए को सुरक्षित रूप से ट्रेंकुलाइज (निश्चेत) किया। परीक्षण के दौरान तेंदुए के शरीर पर चोट के निशान पाए गए, जिसका मौके पर ही प्राथमिक उपचार कर उसे विस्तृत इलाज के लिए मुक्की वन्यजीव चिकित्सालय भेज दिया गया है। इस रेस्क्यू अभियान के दौरान मौके पर जुटी भारी भीड़ को सुरक्षित तरीके से नियंत्रित करने में पुलिस विभाग ने सराहनीय भूमिका निभाई। कान्हा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में आने पर उसे घेरने या खुद भगाने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में तुरंत वन विभाग को सूचित करें, ताकि वन्यजीव और आमजन दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# भूमिहीनों ने की जमीन की मांग

**नवभारत, कटनी।** जिले के बहोरीबंद और रीठी तहसील के दर्जनों गांवों से पहुंचे सैकड़ों भूमिहीन आदिवासियों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

आदिवासियों ने भूमि अधिकार और रोजगार की मांग को लेकर उग्र नारेबाजी की। इसके बाद संयुक्त कलेक्टर के माध्यम से कलेक्टर आशीष तिवारी के नाम ज्ञापन सौंपा। आदिवासियों का कहना है कि वनाधिकार कानून और सीलिंग एक्ट के तहत लंबे समय से उन्हें जमीन के पट्टे नहीं मिले हैं। कृषि योग्य जमीन न होने से स्थानीय स्तर पर काम नहीं मिल रहा। इसके चलते ग्रामीण युवाओं को मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रत्येक भूमिहीन मजदूर परिवार को कम से कम 1-1 हेक्टेयर कृषि भूमि आवंटित करने की मांग रखी। आदिवासियों ने कहा कि जिले में बड़ी मात्रा में सरकारी जमीन खाली है। यदि यह जमीन गरीबों को मिल जाए, तो वे खेती कर अपनी आजीविका चला सकते हैं। युवा नेता छोटू आदिवासी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन को 10 दिनों का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय सीमा के भीतर जमीन आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई, तो वे खाली पड़ी सरकारी और वन भूमि पर खुद काबिज हो जाएंगे। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली में आंदोलन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का भी विरोध जताया।


**पश्चिम मध्य रेल**

ई- निविदा सूचना

विद्युत विभाग कर्षण-वितरण शाखा जबलपुर

एन.आई.टी नं. जबल टीआरडी-निविदा-2026-11 दिनांक 22.07.2026

वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/ कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन में मेन लाइन से लूप लाइन (अप/डाउन) को अलग करने और असलाना (एएनए), बांदकपुर (बीएनयू), घटेरा (जीईए), गोसलपुर (जीएसपीआर), निवार (एनडब्ल्यूआर), पटोहन (पीटीएचडी), बखलेटा (बीक्यूक्यू), रीठी (आरईआई), नरियावली (एनओआई), पथरिया (पीएचए), सगोनी (एसएओ), भरसेंडी (बीएसडीएल), जुकेही (जेकेई), जैतवारा (जेटीडब्लू), टिकरिया (टीकेवाईआर), बगरातावा (बीजीटीए), गुरमखेडी (जीएमडी) और घाटपिंडराई (जीपीसी) स्टेशनों या जबलपुर डिवीजन के किसी अन्य स्टेशन पर प्लेटफॉर्म को रेल लेवल लो लेवल से हाई लेवल तक ऊँचा करने से जुड़े टीआरडी/ओएचई के काम ।, **कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल।, **कार्य की अवधि:** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 8,43,38,717.82/- (रुपये आठ करोड़ तैंतालीस लाख अड़तीस हजार सात सौ सत्रह और बयासी पैसे मात्र), **बयाना राशि :** रूपये-16,86,800.00/-, **निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 14.08.2026, 15:00 बजे/14.08.2026, 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईट :** https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएँ आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा।

(हस्ता)

वरि.मं.वि.इंजी./क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग | निविदा आमंत्रण सूचना

N.I.T.No./PWD/2026-27/04/E-tendering/PRO/413 Date : 24/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_523687_1<br>Date-27/07/2026 | संभाग क्रमांक-04 शास्त्री ब्रिज के समीप नरसिंह मंदिर के आस-पास नाली कवर्ड, रोड मरम्मत, चैम्बर लगाने एवं अन्य आवश्यक कार्य। (निगम मद)(द्वितीय निविदा)। | 03 माह<br>₹ 4.13 | 2000/-<br>4135/- | 10/08/2026 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। **कार्यपालन यंत्री संभाग क्रमांक-04 नगर निगम जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

तृतीय निविदा सूचना

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/416 Date : 24/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender ID-2026_UAD_523871_1<br>Date-27/07/2026 | चेरीताल वार्ड अंतर्गत वसुंधरा कालोनी में कैलाश नेमा से हनुमंत सिंह जी एवं कंचन एवेन्यु मेन गेट से लेकर छाया डयूप्लेकस गार्डन तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>₹ 11.66 लाख | 2000/-<br>8752/- | 11/08/2026 |
| 2. | Tender ID-2026_UAD_523871_2<br>Date-27/07/2026 | जयप्रकाश नारायण वार्ड अंतर्गत नरेश बजाज जी के निवास के पास एम-30 सी.सी.सड़क निर्माण कार्य।(अध्यक्ष मद) | 03 माह<br>₹ 19.72 लाख | 2000/-<br>14791/- | 11/08/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। **कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर**